KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
&
NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI
(Autonomous Organizations under Ministry of Education)
Department of School Education and Literacy
Government of India

Dated: 13th May 2026

केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की भर्ती - 2025

****

जन सूचना

टीयर – 2 परीक्षा की ओ एम आर उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियों तथा कुंजियो का प्रदर्शन के सन्दर्भ में

केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की भर्ती - 2025 के लिए दिनांक 27 से 31 मार्च 2026 के दौरान आयोजित टीयर - 2 परीक्षा में उपस्थित हुए सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उम्मीदवारों की ओ एम आर उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियां और अनंतिम उत्तर कुंजी वेबसाइट पर दिनांक 13 से 17 मई 2026 (रात 11:59 बजे) तक अपलोड की गयी हैं जो कि निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं -

cbseit.in/cbse/2026/kvjnvkeyt2/

अपनी ओ एम आर उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियां और अनंतिम उत्तर कुंजी डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवार अपने अनुक्रमांक तथा जन्म तिथि का प्रयोग करके उपरोक्त लिंक पर लॉग इन कर सकते हैं । यदि वे अनंतिम उत्तर कुंजी से संतुष्ट नहीं हैं तो वे दिनांक 17 मई 2026 (रात 11:59 बजे) तक वेबसाइट https://cbse.nic.in/ पर उपरोक्त लिंक के माध्यम से प्रसंस्करण (प्रक्रिया) शुल्क रू. 1000/- प्रति प्रश्न भुगतान करके अनंतिम उत्तर कुंजी को चुनौती दे सकते हैं । एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

केवल ऐसी चुनौतियों पर विचार किया जाएगा जिनके लिए भुगतान किया गया है । बिना भुगतान की गयी चुनौतियों या अन्य किसी माध्यम (ईमेल/पत्र/प्रतिवेदन) से भेजी गई चुनौतियों पर विचार नहीं किया जाएगा । विषय विशेषज्ञों द्वारा चुनौतियों का परीक्षण किया जाएगा और फिर उनके द्वारा अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जायेगी । विषय विशेषज्ञों द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा ओर आगे किसी संचार/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनकी चुनौतियों की स्थिति के बारे में व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया जाएगा । विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया जाएगा । यदि विषय विशेषज्ञों द्वारा चुनौती स्वीकार कर ली जाती है यानी उत्तर कुंजी में कोई गलती देखी जाती है, तो परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सम्बंधित उम्मीदवारों को शुल्क वापस कर दिया जाएगा। रिफंड (यदि कोई हो) संबंधित क्रेडिट/डेबिट कार्ड खाते में ऑनलाइन स्थानांतरित किया जाएगा, इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्वयं के बैंक खाते/क्रेडिट/डेबिट कार्ड से भुगतान करें। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में किसी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा ।

उम्मीदवारों को टीयर - 2 परीक्षा की ओ एम आर उत्तर पत्रक की स्कैन की गई छवियां डाउनलोड करने के लिए आगे कोई अवसर नहीं दिया जाएगा ।

निदेशक (सी.टी.ई.टी.)

Email –id :kvsnvs.recruitment2025@cbseshiksha.in Phone No. 011- 24050452, 53, 56, 57, 77
CBSE Integrated Office Complex, Sector – 23, Phase – 1, Dwarka, New Delhi - 110077